मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-94
02/03/2024

प्रधानमंत्री द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 02 मार्च 2024 :– प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज औरंगाबाद में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि एन0डी0ए0 की डबल इंजन की सरकार बिहार में तेजी से विकास का कार्य कर रही है। बिहार के विकास की हमारी गारंटी है। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की हमारी गारंटी है। बिहार को विकसित बनाने के लिए हमलोग मिल–जुलकर काम करते रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि आज मुझे बहुत खुशी है कि आपलोग यहां पर लाखों की संख्या में पधारे हैं। मैं आप सब का स्वागत और अभिनंदन करता हूं। मैं बिहार की पावन धरती पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी स्वागत और अभिनंदन करता हूं। आज बहुत खुशी हो रही कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा रेलवे, पथ निर्माण और नमामि गंगे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमस से दरभंगा तक नया फोरलेन बनाना है जिसके आमस से रामनगर भाग का शिलान्यास किया जा रहा है। दानापुर–बिहटा फोरलेन एलिवेटेड रोड योजना बहुत महत्वपूर्ण है जिसकी लगातार मांग की जाती रही है। इस एलिवेटेड रोड के निर्माण से बिहटा आना–जाना बहुत आसान हो जाएगा। पटना जिले के शेरपुर से छपरा जिले के दिघवारा के बीच गंगा नदी पर छह लेन पुल निर्माण बहुत जरूरी है। सड़क निर्माण की कई योजनाओं का आज उद्घाटन किया जा रहा है जिसमें बख्तियारपुर–रजौली पथ, पटना से रांची जाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पथ है जिसके नवादा जिलेवाले भाग का उद्घाटन किया जा रहा है और इस पथ के निर्माण के लिए हम काफी प्रयासरत् रहे। इस पथ में हमने कई जगह एलिवेटेड पथ एवं फ्लाईओवर देने की बात कही थी। इसके निर्माण में मेरी सभी बातें मान ली गई हैं जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। बख्तियारपुर से बिहारशरीफ तक के भाग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। जो परियोजनाएं शुरू की गई हैं बिहार के विकास के लिए वह काफी उपयोगी हैं। इसके लिए मैं हृदय से प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। हमलोग भी राज्य में तेजी से विकास का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीच में हम गायब हो गये थे। हम आपको आश्वस्त करते हैं कि इधर–उधर नहीं जायेंगे, आपके साथ ही रहेंगे। हम वर्ष 2005 से ही एन0डी0ए0 में हैं और हमलोग साथ में मिलकर काम कर रहे हैं। आगे भी हमलोग साथ में काम करते रहेंगे। पहले बिहार में विकास का कोई काम नहीं होता था। आने–जाने के लिए कहीं अच्छी सड़कें नहीं थीं। हम जब सरकार में आए तो बिहार के विकास के लिए जरूरी आधारभूत संरचनाओं को

मजबूत किया। हम चाहते हैं कि सबकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो और सब लोग खूब आगे बढ़ें। एन0डी0ए0 को 400 सीटों पर जीत हासिल होगी। बिहार एक पौराणिक राज्य है। इसका अतीत गौरवशाली रहा है। प्रधानमंत्री जी अब बिहार आते रहेंगे ऐसा मुझे पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में मिल–जुलकर रहें। बुलंदी के साथ खुशीपूर्वक रहें। आपस में किसी विवाद में नहीं पड़ना है। एक दूसरे के साथ मिलकर बिहार को आगे बढ़ाना है।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री पशुपतिनाथ पारस, उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री श्री प्रेम कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी सहित अन्य सांसदगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******